न्यूज ब्रीफ

दिव्यांग आश्रम का बाल कल्याण समिति ने किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

गरियाबंद। बाल कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा जिले में संचालित आमडी रोड स्थित कलार समाज भवन में संचालित दिव्यांग आश्रम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि आश्रम में निवासरत बच्चे नाबालिग अवस्था में हैं तथा कई बच्चे दिव्यांग श्रेणी के हैं। बाल कल्याण समिति, बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के उद्देश्य से स्थापित एक न्यायिक पीठ है, जिसका दायित्व बच्चों के हितों की रक्षा करना है। निरीक्षण के दौरान समिति द्वारा बच्चों की देखरेख, संरक्षण, खान-पान की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था एवं आश्रम में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया।

अरशद हुसैन के मंडल अध्यक्ष बनने पर मुस्लिम समाज में खुशी की लहर

खैरागढ़। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा घोषित मंडल अध्यक्षों की सूची में खैरागढ़ से सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता अरशद हुसैन को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ मुस्लिम समाज में भी उत्साह का माहौल देखा गया। अरशद हुसैन वर्तमान में मुस्लिम समाज खैरागढ़ के अध्यक्ष भी हैं और लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके मंडल अध्यक्ष बनने से कांग्रेस पार्टी को खैरागढ़ क्षेत्र में और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अरशद हुसैन की नियुक्ति पर जिला मुस्लिम समाज अध्यक्ष सज्जाक खान, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू, अल्ताफ खान, समीर शेख, गोल्डी सिंह, भीखम छाजेड़, किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप सिरमौर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, सुरेंद्र सिंह, रविन्द्र गहरवार, कोमल वर्मा, नदीम मेमन सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अरशद हुसैन को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अरशद हुसैन के नेतृत्व में पार्टी संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर कांग्रेस और सशक्त होगी।

कुरमाझर में शाला भवन जर्जर, छात्र खुले मैदान में पढ़ने के लिए मजबूर

बिलाईगढ़। बिलाईगढ़ विधानसभा के अंतर्गत वनांचल के ग्राम कुरमाझर में शाला भवन जर्जर होने के कारण छात्र-छात्राएं खुले मैदान में पढ़ने को मजबूर हैं। समाचार के अनुसार विधानसभा बिलाईगढ़ के अंतर्गत वनांचल के ग्राम कुरमा झर में प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला भवन विगत कई वर्षों से जर्जर हो जाने के कारण दुर्घटना की आशंका बना हुआ है। कई बार स्थानीय व जिला प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी इस पर कोई पहल नहीं होने से छात्र व छात्राएं खुले मैदान में पढ़ने को मजबूर हैं। प्राथमिक व माध्यमिक शाला में छात्रों की दर्ज संख्या 81 है। प्राथमिक में दो एवं माध्यमिक शाला में तीन शिक्षक पदस्थ हैं। प्रधान पाठक संग्राम सिंह पैकरा, माधव प्रसाद साहू, गोवर्धन यादव ,हृदय पटेल व कांतिलाल खरिया पदस्थ हैं। इन्होंने बताया कि यहां का शाला भवन की जर्जर स्थिति को कई बार स्थानीय व जिला प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। इसके बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं होने से शाला भवन का अभाव बना हुआ है।

कबीरधाम पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही, हमलावर को किया गिरफ्तार

कवर्धा। जिले में प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त लोहे की टंगिया जप्त किया है। 22 जनवरी की सुबह लगभग 4 से 5 बजे के मध्य ग्राम ठाकुरटोला, थाना तरेगांव जंगल निवासी दुकालसिंह बैगा पिता ईतवारी बैगा (50) के साथ आरोपी चोखुराम बैगा पिता रामलाल बैगा (40) निवासी ग्राम ठाकुरटोला द्वारा गाली-गलौच की बात को लेकर वाद-विवाद किया गया। वाद-विवाद के दौरान आरोपी द्वारा अपने घर में रखी हुई लोहे की टंगिया से दुकालसिंह बैगा के सिर पर कई बार प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना तरेगांव जंगल प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही की गई तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बिना विलंब उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। मामले में थाना तरेगांव जंगल में आरोपी चोखुराम बैगा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 01/2026 धारा 109 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान आरोपी की पतासाजी कर उसे अभिरक्षा में लिया गया तथा आरोपी के मेमोरण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त लोहे की टंगिया जप्त की गई।



निर्वाचन सेवाओं के लिए एकीकृत, सुरक्षित और नागरिक-केंद्रित डिजिटल मंच : आयुक्त ज्ञानेश कुमार

निर्वाचन आयोग ने किया ईसीआईनेट डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ

पीपुल्स संवाददाता ● सारंगढ़ बिलाईगढ़
editor@peoplessamachar.co.in

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन पर आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (IICDEM)-2026 के अवसर पर ईसीआईनेट डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया।

इसकी परिकल्पना भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर की थी। इसके विकास की घोषणा मई 2025 में की गई थी। यह निर्वाचन से संबंधित समस्त जानकारियों और सेवाओं के लिए आयोग का एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है। तीन दिवसीय यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 21 से 23 जनवरी, 2026 तक भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि ECINET का विकास विधि के कठोर अनुपालन में किया गया है और यह 22 अनुसूचित भाषाओं व अंग्रेजी में उपलब्ध है। उन्होंने विश्व के विभिन्न देशों के

निर्वाचन प्रबंधन निकायों को अपने-अपने कानूनों और भाषाओं के अनुरूप ऐसे ही डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने हेतु भारत के साथ सहयोग का आमंत्रण भी दिया। निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि ECINET निर्वाचन प्रबंधन निकायों में जनविश्वास को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी माध्यम है। यह अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करता है, सभी कार्यों की निगरानी में सहायक है। त्वरित निर्णय एवं सूचना प्रसार को संभव बनाता है। निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि IIC-DEM–2026 सम्मेलन विभिन्न देशों के निर्वाचन प्रबंधन निकायों को प्रौद्योगिकी के उपयोग और डिजिटल नवाचारों से जुड़े वैश्विक अनुभवों से सीखने और प्रेरणा लेने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। अपनी प्रस्तुति के दौरान महानिदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) डॉ. सीमा खन्ना ने बताया कि साइबर सुरक्षा के प्रमुख स्तंभों में से एक है।

श्रीगायत्री प्रज्ञा पीठ भटगांव में बसंत पर्व बड़े ही धूमधाम से मना

भटगांव। श्रीगायत्री प्रज्ञा पीठ भटगांव मे बसंत पर्व को 3 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जहां भारी संख्या मे गायत्री परिजन और श्रद्धालुगण

कार्यक्रम मे शामिल होकर विधिवत मां गायत्री एवं मां सरस्वती का पूजन किया गया। वहीं लोक कल्याण एवं विश्व शांति हेतु गायत्री मंत्र एवं विभिन्न देवी देवताओं को आहुति प्रदान किया गया। आज गायत्री परिवार द्वारा गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा जी के आध्यात्मिक जन्मदिवस के रूप मे भी मनाया जाता है। जहां सभी प्रज्ञा संस्थानों मे बसंत पर्व को विशेष रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

भाटापाराः कक्षा 9वीं के छात्र ने चार बार किया चाकू से हमला

स्कूल में चाकूबाजी, 10वीं का छात्र गंभीर रूप से हुआ घायल

पीपुल्स संवाददाता ● भाटापारा
editor@peoplessamachar.co.in

रावण भाटापारा महावीर वार्ड स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्कूल परिसर के भीतर ही 10वीं कक्षा के छात्र पर 4 बार लगातार चाकू से हमला 9वीं क्लास के छात्र द्वारा अपने ही स्कूल के छात्र आशुतोष सोनी पर प्राणघातक हमला किया गया। घटना में छात्र गंभीर रूप से घायल हुआ है, जो कि जांच रिपोर्ट के बाद किडनी में गम्भीर चोट पहुंचने के कारण जिसे इलाज के लिए शहर के एक अस्पताल से रायपुर रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि हमला करने वाला छात्र उसी

स्कूल में 9वीं कक्षा में पढ़ता है। पूरी घटना बसंत पंचमी के दिन स्कूल में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम के दौरान हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घायल छात्र को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया। लगातार 4 हमले में छात्र आशुतोष सोनी के पेट, सीने और पीठ में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई

जिसे इलाके में स्कूल वहां, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

परिजन का आरोप है कि जिस इलाके में स्कूल स्थित है, वहां असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का अक्सर जमावड़ा रहता है, जिससे पहले भी सुरक्षा को लेकर सवाल उठते रहे हैं। बताया जा रहा है कि हमला करने वाला छात्र नशे की हालत में था व आदतन आरोपी है फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और स्कूल प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है। स्कूल प्रबंधन के रिपोर्ट के आधार पर आरोपी छात्र के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। स्कूल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

कलेक्टर ने जल संरक्षण को लेकर की समीक्षा बैठक

बलौदाबाजार। वनमण्डल क्षेत्र में स्थित जल निकायों एवं आर्द्रभूमियों के संरक्षण, उनके वैज्ञानिक प्रबंधन तथा सटीक डेटा संग्रहण की प्रक्रिया को मजबूत बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षु एसीएफ प्रखर नायक,सुश्री श्वेता सिंह,समस्त प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल,प्रत्येक परिक्षेत्र से आए वन अधिकारी, मैदानी कर्मचारी एवं महाविद्यालयीन छात्र भी शामिल हुए। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ अजय मिश्रा ने आर्द्रभूमियों की पारिस्थितिकी, उनके स्वास्थ्य की जांच, सर्वेक्षण की प्रक्रिया तथा आधुनिक उपकरणों के उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने प्रतिभागियों को यह भी समझाया वैज्ञानिक संरक्षण पर काम कर रहे हैं।

उदंती टाइगर रिजर्व में भरमार बन्दूक संग 3 शिकारी पकड़ाए

2017 में भी इनकी हुई थी गिरफ्तारी

पीपुल्स संवाददाता ● गरियाबंद
editor@peoplessamachar.co.in

उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व में अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 के दौरान परिक्षेत्र दक्षिण उदंती नागेश बीट में 15 जनवरी को सुबह 9 बजे संबंधित परिसर रक्षी को 6 अवैध शिकारी भरमार बंदुक लेकर घुमते देखे गए हैं। इसकी सूचना पर एंटी पोचिंग टीम ने पतासाजी कर एक आरोपी शिकारी राजमन पिता कन्हैया यादव धर दबोचा। राजमन ने बताया, अन्य आरोपी गुप्ताराम पिता फरसराम एवं भादुराम पिता बीकोराम और ओडिशा के ग्राम टीमनपुर चैनुसम व अन्य 02 कुल 06 आरोपी ने 02 नग भरमार बंदुक कुल्हाडी खाने पीने का सामान लेकर उदंती सीतानदी

टायगर रिजर्व के कोर एरिया में मौजूद है। 13 जनवरी से 16 जनवरी तक घुमते रहे। जिन्हें 16 जनवरी की सुबह 9 बजे गोमारझरी नाला में 3 नग जंगली सुअर पानी पीने आया था। उसी समय आरोपी गुप्ताराम ने जंगली सुअर का अपने भरमार बंदुक से गोली चलाकर शिकार किया और जंगली सुअर को प्लास्टिक बोरी मे भरकर 2 व्यक्ति कांवर बनाकर अपने गांव टांगापानी (परिक्षेत्र तौरेंगा बफर) ले गए थे। इसकी जांच में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए।

कलश यात्रा के साथ पारागांव में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

पीपुल्स संवाददाता ● गरियाबंद
editor@peoplessamachar.co.in

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले अंतर्गत ग्राम पारागांव में 22 जनवरी से आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह अमर कथा कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। कलश यात्रा में 51 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनुरूप वाद्य यंत्रों की गूंज, पारंपरिक नृत्य, भक्ति गीतों और भगवान के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा।

फटाखों की गूंज से आकाश गुंजायमान रहा। यात्रा ग्राम के पवित्र सरोवर पहुंची, जहां विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कलशों में जल भरा गया। इसके पश्चात कलश यात्रा गांव की गलियों से होती हुई कथा स्थल तक पहुंची। कथा व्यास आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज (अंबाला, हरियाणा) – संरक्षक भूतेश्वर नाथ धाम ने भागवत माहात्म्य का श्रवण कराया।

जेपी पब्लिक स्कूल बेलटिकरी में हर्षोल्लास के साथ बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया

भटगांव। जे. पी. पब्लिक स्कूल बेलटिकरी में हर्षोल्लास के साथ बसंत पंचमी एवं नेता जी सुभाष चंद्रा बोस जयंती को धूमधाम से मनाएं गया। जहां कार्यक्रम की शुभारंभ विद्यालय के संचालक संतराम जायसवाल एवं प्राचार्य बीके जायसवाल एवं सभी शिक्षकगण के द्वारा

माता सरस्वती जी एवं नेता जी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर किया गया। बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा सरस्वती वंदना किए गए। उसके बाद सभी बच्चों ने भी पूजा कर पुष्पा अर्पित किया। वहीं पूजा-अर्चना के पश्चात सभी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किए किया गया तत्पश्चात मंच संचालन का कार्य चन्द्रसुना सर एवं कुर्रे के द्वारा किया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स में बसंत पंचमी पर विशेष छूट

पीपुल्स संवाददाता ● राजनांदगांव
editor@peoplessamachar.co.in

नीरज बाजपेयी रूप ऑफ स्कूल्स में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शाला में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशित छात्रों को विशेष छूट दी जा रही है। यह छूट एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की सभी शाखाओं (नीरज विद्या मंदिर जोगीगुड़ा सहित) में समान रूप से दी जा रही है। एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स में नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक प्रवेश लेने पर प्रवेश शुल्क पूर्णतः माफ किया जाएगा। यह छूट सभी ब्रांचों में 2 फरवरी तक प्रवेश

लेने वाले विद्यार्थियों के लिए मान्य होगी। वहीं कक्षा छठवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले छात्रों को शाला प्रवेश शुल्क में 2000 रुपये की विशेष छूट दी जाएगी। एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की किसी भी ब्रांच में 2 फरवरी तक नर्सरी में प्रवेश लेने वाले छात्रों की प्री-नर्सरी की पढ़ाई शाला द्वारा फ्री में कराई जाएगी, इसके लिए किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा। बसंत पंचमी के अवसर पर शाला में नवप्रवेशित छात्रों का विद्यारंभ संस्कार पूरे विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के साथ किया जाएगा।

नाम परिवर्तन हेतु सार्वजनिक सूचना

यह जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, ऋषि कुमार शुक्ला, पिता स्व. सिद्धनाथ शुक्ला, निवासी गांधी चौक से नौवां मकान, वार्ड क्रमांक 14, तहसील बलौदा बाजार, संयुक्त जिला कार्यालय बलौदा बाजार-भाटापारा, राज्य (छत्तीसगढ़,) पिन 493332, भारत, स्वेच्छा से अपना नाम बदलकर आचार्य ऋषि रख चुका/रख चुकी हूँ। (यहाँ भाषा सामान्य रूप में रखी गई है अखबार में पुरूष/स्त्री के अनुरूप 'मैंने' या 'मैं' वही प्रयोग होगा।)

मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों, पहचान पत्रों और सरकारी अभिलेखों में मेरा नाम ऋषि कुमार शुक्ला के रूप में दर्ज है। अब से मैं सभी अभिलेखों, दस्तावेजों और लेन-देन में नाम आचार्य ऋषि का उपयोग करूँगा करूँगी।

यदि किसी को इस नाम परिवर्तन पर आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अपना प्रमाण सहित तहसीलदार, बलौदा बाजार (छत्तीसगढ़) के कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकता/कर सकती है।

दिनांकः 24/01/2026
स्थानः बलौदा बाजार (छत्तीसगढ़)
हस्ताक्षरः
(ऋषि कुमार शुक्ला /आचार्य ऋषि)
मोबाइलः +91-94791-00551
ईमेलः
rishi.shuklav982@gmail.com

मुस्लिम समाज व कांग्रेस ने कलेक्टर व थाने में सौंपा ज्ञापन

एसआईआर से नाम काटने की फर्जी शिकायतों के मामले ने पकड़ा तूल

पीपुल्स संवाददाता ● खैरागढ़
editor@peoplessamachar.co.in

एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची से नाम काटने हेतु की गई कथित फर्जी और सुनियोजित शिकायतों को लेकर जिले में मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। जिला मुस्लिम समाज (सी.जी.) एवं जिला कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। जिला मुस्लिम समाज का आरोप है कि एक ही व्यक्ति द्वारा कई लोगों के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई गईं, वह भी अंतिम तिथि से ठीक एक दिन पहले, जिससे यह

संदेह गहराता है कि यह पूरा मामला सुनियोजित है और इसके पीछे किसी खास के इशारे पर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। ज्ञात हो कि कल स्थानीय तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने के बाद जिला मुस्लिम समाज ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के कलेक्टर को औपचारिक शिकायत दर्ज कराई।

चैलेंज कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026: कोल्ट्स क्लब देवनगर ने मारी बाजी

पीपुल्स संवाददाता ● देवननगर
editor@peoplessamachar.co.in

चैलेंज कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 के तहत देवनगर में खेले गए फाइनल मुकाबले उत्साह रोमांच और अनुशासित वातावरण के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ खचाखच भरे मैदान में खेली गई। महामुकाबले मे कोल्ट्स क्लब देवनगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्राइट स्टार क्लब विश्रामपुर को 1-0 से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा किया। मैच की शुरूआत से ही कोल्ट्स क्लब देवनगर ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। पहले हाफ में ही टीम ने बढ़त बना ली, जिससे ब्राइट स्टारविश्रामपुर दबाव में नजर आई। मध्यांतर तक कोल्ट्स क्लब ने बढ़त कायम रखी। दूसरे हाफ में भी दोनों टीम ने लगातार

हमले करते हुए गोल दागने का प्रयास करते रहे, खेल के दौरान कोल्ट्स क्लब देवनगर के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल, तेज पासिंग और मजबूत डिफेंस का परिचय दिया, जिसके सामने ब्राइट स्टार की टीम टिक नहीं सकी। मैदान में लगभग 5000 दर्शकों की मौजूदगी रही, दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे मैच के दौरान तालियों से मैदान को गूंजायमान रखा। संभाग स्तरीय इस फुटबाल प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया टूर्नामेंट के दौरान कई रोमांचकारी मुकाबला देखने को मिले। जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने सशक्त मंच मिला। समापन में विजेता टीम कोल्ट्स क्लब देवनगर को 31000 नगद राशि एवं ट्राफी उपविजेता टीम ब्राइट स्टार क्लब विश्रामपुर को 21000 नग्कद राशि एवं चमचमाती ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अवैध शराब तस्करी पर तुमडीबोड पुलिस की बड़ी कार्रवाई, फरार आरोपी गिरफ्तार

पीपुल्स संवाददाता ● राजनांदगांव
editor@peoplessamachar.co.in

अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस चौकी तुमडीबोड थाना लालबाग पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी अरविंद साहू, निवासी भिलाई जिला दुर्ग को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। एसपी अंकिता शर्मा द्वारा जिले में अवैध शराब बिक्री एवं तस्करी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र

नायक एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन (भा.पु.से.) तथा नगर पुलिस अधीक्षक एलेग्जेंडर कीरो के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

घेराबंदी की गईः दिनांक 18 जनवरी 2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी तुमडीबोड एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर नेशनल हाईवे पर ग्राम कोहका के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

कार्यालय जिला जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कांकेर, छत्तीसगढ़ अल्पावधि निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 13457 कांकेर दिनांक 19/01/2026

जिला प्रशासन हमर लक्ष्य कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 11वीं एवं 12वीं के बच्चों के लिए जिले में जेईई की प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु रूचि की अभिव्यक्ति के तहत नीजि कोचिंग संचालकों/संस्थाओं/एनजीओ. से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्तों दिनांक 10/02/2026 सांय 5:00 बजे तक रुपए 2000/- नगद भुगतान कर, कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर से प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि	-	10-02-2026 सांय 5:00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	-	11/02/2026 अपरान्ह 3:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	-	12-02-26 सांय 4:00 बजे

जिला शिक्षा अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर छत्तीसगढ

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट-IV-A – अचल संपत्ति/संपत्तियों की ई-नीलामी-सार्वजनिक बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी-बिक्री सूचना)

पंजीकृत कार्यालय: 9वां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, करस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली–110 001, PH.: 011-23357171, 23357172, 23705414, Website : www.pnbhousing.com

बी.ओ. रायपुर : तीसरी मंजिल, ऑफिस नंबर 301, 28/620, नीलवे आइकॉनिक, अनेम्ड, शंकर नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़

एतद्वारा आम जनता को और विशेष रूप से कॉलम संख्या–ए में दर्शाए गए उधारकर्ता(कों) एवं गारंटीकर्ता(कों) को सूचित किया जाता है कि कॉलम संख्या–डी में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्ति (संपत्तियां) जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा मे. पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा (कॉलम संख्या–सी में वर्णित अनुसार) ले लिया गया है, उसे नीचे दिए गए विवरण के अनुसार "जहां है, जैसा है और जो भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। एतद्वारा संबंधित उधारकर्ता(कों)/बंधककर्ता(कों)/कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(कों), उधारकर्ता(कों)/बंधककर्ता(कों) (अब मृत) के समनुदेशिती(कों) को, जैसा भी मामला हो, नियम–8(6) एवं धारा 9 के अंतर्गत कॉलम संख्या–ए में दर्शाए गए अनुसार, सूचित किया जाता है। प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के अनुसार, आज की तिथि तक संशोधित। बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया मे. पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.pnbhousing.com पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें।

ऋण संख्या/ऋणकर्ता का नाम/सह-ऋणकर्ता/ जमानतदार (रों)/कानूनी वारिस (A)	मांग राशि एवं दिनांक (B)	कब्जे का प्रकार (C)	बंधक संपत्ति का विवरण (D)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (E)	ईएमडी (10% आरपी) (F)	नीलामी प्रस्ताव की अंतिम दिनांक (G)	नीलामी वृद्धि दर (H)	निरीक्षण दिनांक एवं समय (I)	नीलामी समय एवं दिनांक (J)	ज्ञात भार/प्रतिभूत मामले पर विवरण, यदि कोई हो (K)
NHL/RAI/0221/865659 नीलू अग्रवाल/कमल किशोर बी.ओ. : रायपुर	Rs. 30,93,531.52 & 05-11-2024	सांकेतिक कब्जा	दुकान नंबर 105, पीएच नंबर 109 न्यूफ नंबर 39, केएच नंबर 104/4 102/2, 103/2 वार्ड नंबर 27 राज चेंबर मेन रोड मोवा, आरएनएम रायपुर, छत्तीसगढ़–492001, भारत।	Rs. 28,11,000	Rs. 2,81,100	9/02/2026	Rs. 10,000	02-02-2026 12:00pm to 04:00pm	10-02-2026, 2PM to 03:00PM	ज्ञात नही

"साथ में लागू 18% प्रति वर्ष के अतिरिक्त ब्याज के साथ, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि, भुगतान की तिथि और/या उसकी वसूली तक किए गए।" सर्वश्रेष्ठ करने के लिए पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के ज्ञान और जानकारी के अनुसार, ऊपर उल्लिखित अचल/कॉलम संख्या–के में प्रकट की गई संपत्तियों को छोड़कर सुरक्षित संपत्तियां। इसके अलावा, इस तरह के भार को सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपने स्तर पर पूरा/भुगतान किया जाएगा। भावी क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे स्वतंत्र रूप से उल्लेखित भारों की सत्यता का पता लगाएं

(1.) आज की तारीख तक, पीएनबीएचएफएल, पीएनबीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, अलग करने और/या निपटाने से रोकने और/या अदालती निषेधाज्ञा का कोई आदेश नहीं है और स्थिति का उल्लेख कॉलम संख्या–के में किया गया है। (2.) भावी क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कॉलम संख्या–के में बताई गई कार्यवाही/पारित आदेश आदि में दलीलों का निरीक्षण कर सकते हैं, यदि कोई हो। इसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उससे संबंधित शीर्षक के दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है, लेकिन यह उस तक ही सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव देने से पहले सभी मामलों में खुद को संतुष्ट कर लें। बोलीदाता(ओं) को बोली फॉर्म के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। (3.) कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/क्रेता कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (बयाना राशि सहित) उसी दिन या अगले कार्य दिवस से पहले जमा करने के लिए बाध्य है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही बोलीदाता(ओं) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। बिक्री की शेष 75% राशि बिक्री पुष्टिकरण पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा जमा की जानी चाहिए और ऐसी जमा राशि के न जमा करने पर, प्राधिकृत अधिकारी बिक्री पुष्टिकरण पत्र में उल्लिखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि की समाप्ति की तारीख से 15 दिनों के भीतर बिक्री विचार राशि के आंशिक भुगतान को जब्त कर लेगा और संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति को सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार फिर से बेचा जाएगा। (4.) मेसर्स सी। इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री करने में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगी, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट संख्या 68, तीसरी म